दिन–शुक्रवार | दिनांक– 19 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. संसद ने विकसित भारत – जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस ध्वनिमत से पारित किया। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों का मिलेगा रोजगार।

02. राज्य सरकार ने आर्थिक अपराध इकाई को गैर वित्तीय कंपनियों की वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया।

03. ओडिशा हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे।

04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्से घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में। अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की आई गिरावट।

---

संसद ने विकसित भारत –गारंटी फॉर रोज़गार और आजीविका मिशन, ग्रामीण विकसित भारत– जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस पारित कर दिया है। इस विधेयक को राज्यसभा ने कल रात मंजूरी दे दी। लोकसभा ने यह विधेयक कल पहले ही पास कर दिया था। राज्यसभा में चर्चा में ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता।

–––बाइट–––

केंद्र सरकार इस विधेयक के माध्यम से वर्ष दो हजार सैंतालीस में विकसित भारत के राष्ट्रीय विज़न के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा तैयार करना चाहती है। इस कानून के तहत हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिन के रोज़गार की कानूनी गारंटी दी जाएगी, जिसके वयस्क सदस्य बिना किसी कौशल वाले शारीरिक कार्य स्वेच्छा से करना चाहें। योजना के लिए केंद्र साठ प्रतिशत और राज्य सरकारें चालीस प्रतिशत राशि देंगी, हालांकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह व्यवस्था नब्बे अनुपात दस की होगी। राज्य सरकारें बेरोज़गारी भत्ता और मुआवज़ा देना भी जारी रखेंगी।

---

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि खगड़िया–पूर्णिया फोर लेन परियोजना को दस से पंद्रह दिनों के भीतर कैबिनेट से स्वीकृति मिल जाएगी। लोकसभा में खगड़िया सांसद राजेश वर्मा के सवाल के जवाब में श्री गडकरी ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में शीघ्र ही निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

———बाइट———

इससे पहले, खगड़िया सांसद ने कहा कि पटना से बेगूसराय तक फोर लेन सड़क के निर्माण के बाद इसके आगे खगड़िया से पूर्णिया तक की सड़क पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है।

---

राज्य सरकार ने आर्थिक अपराध इकाई को गैर वित्तीय कंपनियों की वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया है। अनियमित जमा योजनाओं पर प्रतिबंध अधिनियम दो हजार उन्नीस के तहत गठित राज्य स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में इओयू को निर्देश दिया गया कि जो मामले जांच के स्तर पर हैं उन्हें जल्द से जल्द सक्षम न्यायालय में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही शिकायत गलत पाये जाने वाले मामलों कों बंद किया जाए। समिति ने गैर वित्तीय कंपनियों की फर्जी गतिविधियों से आम लोगों को बचाने के लिए नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाने के भी निर्देश दिये।

---

ओडिशा हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे। सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने केंद्र सरकार से इस संबंध में सिफारिश की है। विधि मंत्रालय की स्वीकृति मिलने के बाद जस्टिस साहू पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे।

---

आईआरसीटीसी होटल घोटाला और जमीन के बदले नौकरी मामले में पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की याचिका पर दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत आज अपना आदेश सुनायेगी। राबड़ी देवी ने इन दोनों मामलों में अपने और अपने परिवार के

सदस्यों के खिलाफ चल रहे मुकदमों को दूसरी अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पटना समेत कई जिलों के अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। आज सुबह के समय पटना, समस्तीपुर, जहानाबाद, खगड़िया, सहरसा, दरभंगा, पूर्णिया और किशनगंज समेत कई जिलों में घना कुहासा छाया रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो दिनों तक घने कोहरे की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद स्थिति में सुधार होगा। विभाग ने कहा है कि न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस के आस–पास बने रहने के चलते शीतलहर का कोई पूर्वानुमान नहीं है।

---

इधर, घने कोहरे के कारण हवाई और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। पटना हवाई अड्डे से कल दस विमानों को रद्द कर दिया गया। वहीं, कई विमान देरी से उड़े या पहुंचे। लंबी दूरी की कई ट्रेनें निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं।

---

इस बीच, पटना जिला प्रशासन ने ठंड और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। अब जिले के सभी निजी और सरकारी विद्यालय समेत प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में पठन–पाठन का कार्य सुबह नौ बजे के बाद शुरू होकर अपराह्न साढ़े चार बजे तक ही चलेगा।

---

पटना उच्च न्यायालय ने राजधानी पटना में वायु प्रदूषण के बढ़ रहे स्तर पर चिंता जताते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद और राज्य सरकार को जवाब तलब किया है। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति आलोक कुमार पांडेय की खंडपीठ ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए पूछा है कि किन कारणों से वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। इस मामले की अगली सुनवाई बारह जनवरी को होगी। इस बीच, पटना में बढ़ रहे प्रदूषण के स्तर को लेकर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने तैंतीस एजेंसियों को नोटिस जारी किया है। इन सभी एजेंसियों पर एक करोड़ पच्चीस लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने पर्षद कार्यालय से प्रदूषण का क्लीयरेंस नहीं लिया है।

---

मध्य प्रदेश की विभिन्न खेल अकादमियों में बिहार के खिलाड़ियों के लिए बीस प्रतिशत स्थान आरक्षित होगा। खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने मध्य प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंगी के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी दी।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बिहार से एक सौ तीस प्रश्नों का चयन कर एनसीईआरटी को भेजा जाएगा। राज्य शिक्षा शोध और प्रशिक्षण परिषद इन प्रश्नों का चयन करेगा। इच्छुक छात्र ग्यारह जनवरी तक इनोवेट इंडिया वन डॉट माइ जीओवी डॉट इन पर कार्यक्रम में सहभागिता के लिए अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

---

ग्राम पंचायतों में एआई एप्लिकेशन अपनाने वाले राज्यों में बिहार देशभर में पांचवें स्थान पर है। पंचायतीराज मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्य की चौहत्तर प्रतिशत से अधिक पंचायतें एआई का उपयोग कर रही हैं। इस सूची में तमिलनाडु पहले स्थान पर है।

---

नालंदा जिले के राजगीर में आज से तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव की शुरूआत हो रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज शाम महोत्सव का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कार्यक्रम के पहले दिन आज जाने–माने गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे।

---

ग्रामीण भारत महोत्सव– बिहार का दूसरा चरण आज से पटना के गांधी मैदान में शुरू हो रहा है। इसका आयोजन नाबार्ड के सहयोग से किया जा रहा है। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतनराम मांझी महोत्सव का उद्‌घाटन करेंगे। दस दिनों तक चलने वाले इस प्रदर्शनी सह बिक्री मेले में देशभर के कारीगरों, शिल्पकारों, स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक संगठनों और उद्यमियों के हस्तनिर्मित, जैविक और पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किये जायेंगे। यह प्रदर्शनी अट्‌ठाईस दिसम्बर तक चलेगी।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने बेगूसराय के जिला कल्याण पदाधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल और उनके कार्यालय नाजिर जीवेन्द्र कुमार सिंह को एक हजार आठ सौ रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। निगरानी के डीएसपी सुजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों कर्मी शिकायतकर्ता से एक बिल के भुगतान के एवज में रिश्वत ले रहे थे।

---

मुजफ्फरपुर जिले के फकुली थाना क्षेत्र के मलकौनी गांव में करंट लगने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घर के पास से गुजर रहे सर्विस वायर के टूटकर गिरने से यह हादसा हुआ।

---

एसटीएफ और पुलिस की टीम ने नालंदा जिले के लहेरी थाना क्षेत्र से कुख्यात हथियार तस्कर परवेज समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास पांच देशी पिस्तौल, पिस्तौल की मैगजीन और ए.के. सैंतालीस राईफल के एक सौ तिरेपन कारतूस बरामद किये गये हैं।

---

पटना के फतुहा थाना में पदस्थापित दारोगा दीपक कुमार को कर्तव्यहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

---

बक्सर की एक अदालत ने बत्तीस वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

---

वहीं, मुजफ्फरपुर की निगरानी अदालत ने लौरिया चीनी मिल से नौ सौ सत्तानवे बोरा चीनी गबन के मामले में दो दोषियों को दो–दो वर्ष और चार दोषियों को तीन–तीन वर्ष जेल की सजा सुनाई है। इन सभी पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

---

मुंगेर जिले के बनहरा–गौरवडीह मार्ग पर बनौली के पास ट्रैक्टर के पलट जाने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां से पुलिस ने मादक पदार्थ हरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ढाई लाख रुपये से अधिक नकद बरामद किये गए।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – कोहरे ने जिंदगी की रफ्तार रोकी। पटना में दस समेत प्रदेश में सोलह विमान रद्द, ट्रेन सेवा भी बेपटरी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – अब सभी जिलों में फॉरेसिंक जांच, सीएम ने चौंतीस वाहनों को दिखाई हरी झंडी।

**प्रभात खबर** लिखता है – राजधानी की उन्नीस मुख्य सड़कें अपग्रेड, यहां बने भवनों का बढ़ेगा संपत्ति कर।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – बिहार में लगेगी अशोक लीलैंड की फैक्ट्री, बस और ट्रक का होगा निर्माण। आठ हजार को रोजगार।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – थावे मंदिर में माता की मुकुट और हार की चोरी।

**आज अखबार** लिखता है – बिहार सरकार की नई पहल। कलाकार कल्याण कोष लागू, उभरते कलाकरों को मिलेगा पेंशन और प्रोत्साहन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद ने विकसित भारत – जी राम जी विधेयक, दो हजार पच्चीस ध्वनिमत से पारित किया। प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिनों का मिलेगा रोजगार।
02. राज्य सरकार ने आर्थिक अपराध इकाई को गैर वित्तीय कंपनियों की वित्तीय अनियमितताओं के खिलाफ दर्ज मामलों में कार्रवाई तेज करने का आदेश दिया।
03. ओडिशा हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश होंगे।
04. और, प्रदेश के अधिकांश हिस्से घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में। अधिकतम तापमान में सात डिग्री सेल्सियस तक की आई गिरावट।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।